मेधावी छात्रों का पुरस्कार वितरण समारोह

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेधावी छात्रों का पुरस्कार वितरण समारोह, **रविवार, १९.०८.२०१८** को मुम्बई के **चेंबुर भवन** के **सुबह १० से १ बजे** तक की सत्संग में आयोजित किया गया | इस अवसर पर एसएससी, एचएससी, डिप्लोमा इंजिनीअरिंग, डीग्री इंजिनिअरिंग, बीएमएस, बीएमएम, एमटेक, पीजीडीएम, सीए, आर्किटेक्चर, एलएलबी और पीएचडी जैसे ४७ छात्र- छात्राएं एवम उनके माता- पिताओ को सम्मानित किया गया |

आ. आशिष गुप्ता जी (कलवा) ने अपनी विषम आर्थिक परिस्थितीयों पर मात करते हुए, संत निरंकारी भवन को ही अपने अध्ययन का स्थान चुनकर सीए की परीक्षा उत्तीर्ण की | उनके इस परिश्रम को विशेष रुप से सराहा गया | सम्मानित किये गये कई छात्र संत निरंकारी सेवादल एवम् संत निरंकारी चॅरिटेबल फाउंडेशन के सक्रिय सेवादार भी थे |

आ. श्री भूपिंदर चुघ "दिलवर" जी (जोनल इन्चार्ज) ने सभी छात्रों को उनकी शैक्षिक उपलब्धी पर हार्दिक शुभकामनाये दी | और **आ. श्री प्रकाश जोशी जी** (जोनल कमिटी मेम्बर) व **आ. श्री शंभुनाथ तिवारी जी** (जोनल कमिटी मेम्बर) ने भी छात्रों को कठीन परिश्रम करते हुए शिक्षा और आध्यात्म इन दोनो पहलुओ पर ध्यान देने की प्रेरणा दी |

यह विशेष कार्यक्रम **आ. बहन नीना आनंद जी (अंधेरी)** जो परम श्रधेय ऋषि कमल जी की सुपुत्री इनकी पावन अध्यक्षता में संपन्न हुआ | "**सद्गुरू की कृपा से ही हमें यह ज्ञान मिला हैं, और जब भी जीवन में अंधकार आए तो हमने इस ज्ञान का दामन नही छोडना हैं | ज्ञान जीवन का आधार बनेगा तो विपरीत परिस्थितीयो का मुक़ाबला आसानी से किया जा सकता है** | " उपरोक्त उद्गारों के साथ उन्होंने मुख्य मंच से छात्रों को प्रोत्साहित किया|

इस पुरस्कार वितरण समारोह का सूत्रसंचालन **आ. राकेश कदम जी (धारावी)** और **आ. सुहास पाटिल जी (विक्रोली)** ने सुंदर कुशलतापूर्वक किया |